# Services Housing Co-operative Society Limited

Ashok Nagar,Ranchi-834002
E_Mail – support@ashoknagarranchi.com

आज दिनांक 24.01.2025 को निदेशक मण्डल की बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डॉ0 माधव – | अध्यक्ष – | उपस्थित |
| 2– | श्री के0 पी0 पाण्डेय | उपाध्यक्ष– | अनुपस्थित |
| 3– | श्री अनिल शंकर | अ0 सचिव | उपस्थित |
| 4– | श्री शंकर प्रसाद वर्मा | सं0 सचिव | उपस्थित |
| 5– | श्री बसंत कुमार भट् टाचार्य | निदेशक | उपस्थित |
| 6– | श्री प्रताप सिंह – | निदेशक | उपस्थित |
| 7– | डॉ0 श्रीमति रीता लाल– | निदेशक | अनुपस्थित |
| 8– | श्रीमति शोभा कुमारी – | निदेशक | उपस्थित |
| 9– | श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव | निदेशक | उपस्थित |
| 10– | डॉ0 श्रीमति जुबी जेन केशरी | निदेशक | अनुपस्थित |
| 11– | श्रीमति गुंजन सिंह – | निदेशक | उपस्थित |
| 12– | श्रीमति सरोज बाला | निदेशक | उपस्थित |

कार्यावली संख्या–1– दिनांक 20.11.2025 के बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

कार्यावली संख्या–2– गणतंत्र दिवस 26 जनवरी,2026 के कार्यक्रम के सम्पादन हेतु 250 पैकेट प्रति पैकट 120/–(एक सौ बीस)रूपया की दर से तथा 4 किलो लड्डू, चौकलेट, 100 बैच एवं 10 अदद झंडा के क्रय करने का निर्णय लिया गया । इस कार्य की जिम्मेवारी प्रधान लिपिक एवं सूश्री नीना सिन्हा, लेखापाल को अधिकृत किया गया । सभी कार्यों का मोनेटरिंग सोसाईटी अभियंता श्री आयुष कुमार द्वारा किया जायगा एवं निर्धारित समय पर कार्य सम्पन्न करायेगे ।

कार्यावली संख्या–3– सोसाईटी सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण अभिलेख काफी पुराना हो चुका है। नष्ट होने की संभावनाएँ बढ़ गई हैं । सभी अभिलेखों प्रारम्भ से आजतक कार्यवाही/एजीएम/इजीएम एवं समय–समय पर गठित कमिटियों के प्रतिवेदन के **Digitalization** एवं **Computerization** करना नितांत आवश्यक है । सोसाईटी के

सम्पत्ति का ब्योरा तथा दुकान आदि से सम्बन्धित कागजात का **Digitalization** आवश्यक है ।

अध्यक्ष द्वारा **State Head N I C** भारत सरकार के साथ जिसमें कार्यालय के प्रधान लिपिक, लेखा लिपिक एवं बोर्ड के निदेशक भी उपस्थित थे। गंभीर मंथन किया गया एवं इसके तहत क्या–क्या कार्य किये जायेंगे, का प्रारूप तैयार किया गया ।

श्री दीपक सिन्हा, **State Head N I C** ने इसके साथ–साथ **payment Gateway** का भी सुझाव दिया । इसपर भी प्रारूप दिया गया है । इन कार्यों के लिए दर प्राप्त कर तीन महीने के अन्दर कार्य निष्पादन कर निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–4– श्री राधा कृष्ण मुरारी, सेवा निवृत्त लिपिक–सह–टंकक के सेवा निवृत्ति लाभ पर विमर्श किया गया । पूर्व में सेवा निवृत्त कर्मी को जो लाभ देय हुआ है, वही लाभ श्री राधा कृष्ण मुरारी को देने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–5– अध्यक्षीय कार्यालय–सह–बोर्ड कक्ष हेतु एक अदद **Revolving Chair** तथा 10 अदद **High Back Chair** का क्रय किया गया है । न्यायालय के आदेश के आलोक में गठित वित्तीय समिति का अनुमोदन प्राप्त है । इसपर घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–6– सोसाईटी के कार्यरत कर्मियों को तीन प्रकार के दो–दो सेट वर्दी उपलब्ध कराने हेतु कपड़े का क्रय किया गया है । सिलाई हो रही है । गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी कर्मी वर्दी में रहेंगे। इस प्रस्ताव पर भी बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया । 10 सेट **Gum Boot** तथा 5 अदद **Safety belt** तथा 10 अदद हेलमेट क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–7– अबुल कलाम, अनुसेवक द्वारा अपनी पुत्री के विवाह हेतु 2.00 लाख रूपये अग्रिम हेतु आवेदन पर विचार किया गया । निर्णय लिया गया कि यदि कर्मियों को पूर्व इस प्रकार की राशि अग्रिम के रूप में दी गई है, तो उन्हे भी देने का निर्णय लिया गया । अग्रिम की वसूली 10,000/–(दस हजार) रूपये प्रतिमाह की दर से 20 बराबर किस्तों में उनके वेतन से की जायेगी । यह राशि सूद रहित होगा । उनके सेवा निवृत्ति को ध्यान में रखते हुए अग्रिम का भुगतान किया जायेगा ।

कार्यावली संख्या–8– कार्यालय परिसर के बाउन्ड्रीवाल, भवन, महिला क्लब एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, पार्क–बी के बाउन्ड्रीवाल का साधारण मरम्मति एवं रंगाई पुताई कार्य सोसाईटी अभियंता एवं प्रधान लिपिक के देख–रेख में प्रारम्भ किया गया है । इस कार्य के सम्पादन सामग्री की आपूर्ति एवं बाह्य मिस्त्री के मजदूरी का भुगतान मस्टर रौल के आधार पर किया जा रहा है । इस कार्य में सोसाईटी के पाँच–छः दैनिक मजदूर कार्य कर रहे हैं । इस कार्य को भी कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–9– पार्क ए, पार्क सी एवं डी के बाउन्ड्रीवाल एवं गेट सं0–2 से प्लॉट संख्या 308 तक दोनो तरफ पेभर ब्लॉक लगाने पर विमर्श किया गया । रोड नं0–2 अति व्यस्त पथ है । सड़क पर दुकाने बनी हुई हैं । लोग पार्किंग करते हैं और सोसाईटी के अन्दर आने–जानेवाले सदस्यों को काफी कठिनाइयाँ होती है । इसलिए इसकी चौड़ाई बढ़ाना अति आवश्यक है, एवं प्रथम फेज में पार्क ए का बाडन्ड्रीवाल एवं द्वितीय चरण में पार्क सी एवं डी के बाउन्ड्रवाल के निर्माण कराने का निर्णय लिया गया । पार्क ए के बाउन्ड्रीवाल का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025–26 तथा पार्क सी एवं डी का 26–27 में कराने का निर्णय लिया गया जिससे कि सोसाईटी का हर वर्ष प्राप्त राशि का व्यय सुनिश्चित हो सकेगा और आयकर से राहत प्राप्त होगा।

कार्यावली संख्या–10– पार्क सी स्थित ओपन जिम में सदस्यों के मांग पर चार अतिरिक्त उपकरण लगाने का निर्णय लिया गया । पूर्व के आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन प्राप्त कर इसे अधिष्ठापित कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–11– गेट नं0 1 के सामने नाली के अलाईनमेंट सुधार एवं पार्क रोड नं0 1ए तथा पार्क रोड नं0 1सी के नाली निर्माण कराने का निर्णय लिया गया । नाली का निर्माण कार्य **Ashrita Engineering Pvt. Ltd.** द्वारा अनुसूचित दर पर प्रस्तुत प्राक्कलन से 10 प्रतिशत न्यूनतम दर पर कार्य कराने का निर्णय लिया गया । नामांकण के आधार पर कार्य कराने का निर्णय लिया गया है । इसके अतिरिक्त प्लॉट सं0 374 के पास नाली का एलाइनमेंट सुधारने तथा 189 तथा 148/सी–2 के समक्ष नाली निर्माण कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–12– प्लॉट संख्या 392/बी के पास नाली को सड़क से पार कर डिबडीह रोड के तरफ मोड़ने पर विमर्श किया गया । 392/बी के सह–सदस्य द्वारा आवेदन के आलोक में निर्माण की स्वीकृति दी जाती है । सोसाईटी अभियंता द्वारा बताया गया कि नाली के अभाव में घर से पानी का निकास नही हो पाता है । अतः इसे निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। निर्णय हुआ कि 8 ईंच का पाईप लगाकर रोड को पार कर मुख्य नाली में मिला दिया जाय ।

कार्यावली संख्या–13– सोसाईटी परिसर में 50 अदद **20 W** तथा दस अदद **40 W** अतिरिक्त सोलर लाईट क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावाली सख्या–14– सोसाईटी परिसर के सुरक्षा हेतु कैमरा लगाने पर निर्णय लिया गया कि इसका एक **Proposal** तैयार किया जाय कि पूरे परिसर का आच्छादन किस प्रकार होगा । **DPR** प्राप्त होने के उपरान्त अगले बोर्ड की बैठक में इसपर निर्णय लिया जायेगा ।

कार्यावली संख्या–15– पार्क बी एवं ओल्ड वाटर टॉवर के जलमिनार को पुनरूद्धार शीघ्रताशीघ्र करने का निर्णय लिया गया । इसपर तकनिकी विशेषज्ञों के साथ विमर्श के उपरान्त इसपर अंतिम रूप से निर्णय लिया जायेगा ।

कार्यावली संख्या– 16– सोसाईटी के परिसर में कबाड़ के रूप में कई सामग्री है, जिसकी चोरी निरंतर हो रही है । सभी अनुपयोगी कबाड़ यथा मोटर, जेनरेटर, ट्रेक्टर ट्रॉली , ट्रेक्टर एवं अन्य कबाड़ का वैल्यूएशन कराकर तीन कोटेशन प्राप्त कर, कबाड़ का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया । इस कार्य हेतु एक कमिटी के गठन का प्रस्ताव प्रधान लिपिक देंगे जिसमें एक निदेशक तथा एक सदस्य शामिल रहेंगे ।

कार्यावली संख्या–17– ट्रेक्टर एवं ट्रॉली की मरम्मति कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या –18– सोसाईटी परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने हेतु चार अदद **E -Kitchen West** वाहन क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–19– सेवा अवधि में कर्मियों की मृत्यू के उपरान्त उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया , जिसकी अधिकतम राशि **50,000/-** (पचास हजार रूपये) । यदि उनके आश्रित पत्नी या पुत्री हो तो उनके नाम से यह राशि फिक्स्ड डिपोजिट उनके संयुक्त नाम पर कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–20– **Routine Clerk-cum-Computer Oprator** का पद रिक्त है । कार्यालय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन के माध्यम से **Walk-in-Interview** के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–21– सोसाईटी कार्यालय हेतु कार्यालय अधीक्षक की संविदा पर नियुक्ति हेतु विमर्श किया गया । निर्णय लिया गया कि सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त व्यक्ति जिनका ग्रेड पे 4600 से 5400 हो एवं स्थापना/सहकारिता विभाग से सम्बन्धित कार्य अनुभव हो, को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया । पारिश्रमिक **Remuneration on negotiation** के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से संविदा के आधार पर नियुक्ति का निर्णय लिया गया।

कार्यावली संख्या–22– 50 अदद **Street Light 50W** का क्रय एवं खराब पड़े स्ट्रीट लाईट को **DC Engineering and Consultency Services** से कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–23– श्री आयुष कुमार, सोसाईटी अभियंता की सेवा नियमित करने का निर्णय लिया गया । किसी प्रकार का वेतन वृद्धि नही होगी ।

कार्यावली संख्या–24– सोसाईटी परिसर के अन्तर्गत सभी चौराहे एवं महत्वपूर्ण स्थान पर **Reflective Sign Board** लगाने का निर्णय लिया गया । इस हेतु सोसाईटी अभियंता तीन भेंडर से दर प्राप्त कर कार्रवाई करेंगे ।

कार्यावली संख्या–25– सदस्यों को आवश्यकता पड़ने पर पानी टेंकर से जलापूर्ति की जायेगी । 1500 लीटर के लिए 200/–**(+) GST** पर आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया । यह भी निर्णय लिया गया कि सदस्यों की मृत्यू के उपरान्त श्राद्ध कर्म हेतु निःशुल्क पानी की आपूर्ति की जायेगी ।

कार्यावली सिंख्या–26– मृतक सदस्यों/आश्रितों के लिए अर्थी निर्माण हेतु पूर्व में निर्धारित राशि 500/–रूपये को बढ़ाकर 1,000/–भुगतान करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–27– स्व0 अनिल उरांव एवं स्व0 चुटा उरांव की पत्नी के नियोजन पर विचार किया गया । निर्णय लिया गया कि इन दोनो की पत्नियाँ कार्य करने के लिये तैयार हों और कार्य करने के योग्य हों तो नियोजन करने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या–28– सोसाईटी के भवन बायलॉज के संशोधन तथा मूल बायलॉज के संशोधन पर विचार किया गया । परिवार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आमसभा दिनांक 07.12.2025 को इसपर विचार हेतु कमिटि गठन करने का निर्णय लिया गया है । तदनुसार कमिटि गठन करने का निर्णय लिया गया । कमिटि का प्रस्ताव संचिका में प्रधान लिपिक प्रस्तुत करेंगे ।

**Society Registration Act** में कई स्तर पर संशोधन हुए हैं । इसके अनुरूप हुए कमिटि गठित कर वर्तमान् बायलॉज में संशोधन करने का निर्णय लिया गया । कमिटि का प्रस्ताव प्रधान लिपिक द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा ।

कार्यावली संख्या–29– श्रीमति शशि सिंह, सदस्य 230/बी द्वारा अपने पुत्र श्री प्रणव प्रकाश तथा पुत्री श्रीमति श्रूति आनन्द के **Successive** नामांकण की स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यावली सख्या–30– श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव, सदस्य 323/बी द्वारा अपने पूत्र श्री सत्यम कुमार के एकल नामांकण की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–31– श्रीमति गुंजन सिंह, सदस्य 148/सी–2 द्वारा अपने पति श्री अजित सिंह, पुत्र श्री अभिषेक सिंह तथा पुत्री सूश्री अभिलाषा सिंह के संयुक्त नामांकण की स्वीकृति प्रदान की गई । इसमें श्री अभिषेक सिंह को कर्त्ता के रूप में नामांकण किया गया है ।

कार्यावली संख्या–32– प्लॉट संख्या 361/ए को सदस्यता प्रधान करने सम्बन्धी इस कार्यालय के पत्र संख्या 430 दिनांक 22.07.2022 में अंकित **Ownership** शब्द को विलोपित करते हुए एक पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया । जहाँ तक पूर्व सदस्य श्रीमति शकुन्तला सिन्हा द्वारा नामांकण का आवेदन प्राप्त हुआ है, उसपर नियमानुकूल कार्रवाई की जाय ।

कार्यावली संख्या– 33– श्री ज्ञानदेव झा, सदस्य 108/डी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति श्रीमति सरिता झा, पुत्र श्री अभिषेक झा एवं श्री अमृत कुमार झा के **Successive** नामांकण की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–34– सोसाईटी के उपयोग हेतु उपलब्ध साउन्ड बॉक्स के अतिरिक्त एक साउन्ड बॉक्स एवं एक अदद टेबल ऑन टॉप माईक क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

अन्यान्यः–(क) श्री अजय कुमार सिन्हा, सह–सदस्य, प्लॉट संख्या 398/बी द्वारा उनके स्थान पर अपनी पत्नी श्रीमति आभा कुमारी को सह–सदस्य बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

(ख) श्री संतोष लोहरा, चालक को अपनी बिमारी के इलाज के दौरान व्यय की भरपाई हेतु **Comman Good Fund** से भुगतान का निर्णय लिया गया ।

(ग) श्री हरे कृष्ण मुरारी, सदस्य 392/बी द्वारा सोसाईटी के सभागार एवं मैदान का आरक्षण कराया गया था । अपरिहार्य कारण वश उन्होने आरक्षण को रद्द करवा लिया । अतः उनके द्वारा जमा कराये गये आरक्षण शुल्क की राशि से जी0एस0टी0 काटकर पूर्ण राशि वापस करने का निर्णय लिया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव
निदेशक

श्रीमति शोभा कुमारी
निदेशक

श्री प्रताप सिंह
निदेशक

श्री बसंत कुमार भट्टाचार्य
निदेशक

श्रीमति गुंजन सिंह
निदेशक(विशेषज्ञ)

श्रीमति सरोज बाला
(निदेशक विशेषज्ञ)

श्री शंकर प्रसाद वर्मा
संयुक्त सचिव

श्री अनिल शंकर
अवैतनिक सचिव

डॉ0 माधव
अध्यक्ष